Sree Sainath Nagar,Tirupati – 517102

Holiday Home Work (2018 – 19)

Sub: Hindi II Lang.
Class : VIII ABC

I. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

वातावरण एवं वायु मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है । प्रदूषण की समस्या सम्पूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जारही है । आज समस्त मानव जाती इस समस्या में आतंकित है । विश्व का प्रत्येक देश अपने अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में संलग्न है । प्रदूषण एक ऐसी विकत समस्या है,जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है । वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किया गया तो आगामी दशकों में सम्पूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और शस्यश्यामला धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी सम्पूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी ।

१. आज मानवजाति को कौन - सी समस्या भयभीत कर रही है ?

क. वातावरण की समस्या　　ख. प्रदूषण की समस्या　　ग. वायुमंडल की समस्या　　घ. विश्व की समस्या

२. हर देश इस समस्या के लिए क्या कर रहा है ?

क. बढ़ा रहा है ।　　ख. वार्तालाप कर रहा है ।　　ग. समाधान के उपाय ढूंढ रहा है । घ. हल खोज रहा है ।

३. धरती का सौंदर्य किनके कारण बना हुआ है ?

क. भवनों के कारान　　ख. जीवधारियों के कारण　　ग. वनास्पतियों के कारण　　घ. वैज्ञानिकों के कारण

४. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है ?

क. धरती का सौंदर्य　　ख. धरती की सुन्दरता　　ग. विकट समस्या　　घ. प्रदूषण - एक विकट समस्या

५. समुचित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।

क. समा + उचित　　ख. सैम + उचिता　　ग. सैम + उचित　　घ. सम + उचित

II. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

रज्जो ने चार - पाँच आम अंजुली में लेकर मेरी ओर बढा दिए । आम लेने के लिए मैं ने हाथ बढ़ाया तो मेरी निगाह एक क्षण के लिए उसके हाथों पर ठिथक गई । गोरी - गोरी कलाइयों पर लाख की चूड़ियाँ बहुत ही फैब रही थीं ।

बदलू ने मेरी दृष्टि देख ली और बोल पड़ा, यही आखिरी जिओदा बनाया था जमींदा साहब की बेटी के विवाह पर । दस आने पैसे मुझको दे रहे थे । मैंने जोड़ा नहीं दिया । कहा, शहर से ले आओ ।

१. रज्जो कौन थी ?

क. लेखक के मामा की लडकी ख. लेखक के पड़ोसी की लडकी ग. बदलू की लडकी घ. बदलू की भतीजी

२. लेखक की निगाह रज्जो के हाथ पर क्यों ठिठक गई ?

क. सुन्दर आमों के कारण ख. कांच की चूड़ियों के कारण

ग. रज्जो को पहली बार देखने के कारण घ. लाख की सुंदर चूड़ियों के कारण

३. बदलू ने लेखक के मन की कौन - सी बात समझ ली ?

क. लाख की गोलियों की बात ख. पके आमों की बात ग. लाख की चूड़ियों वाली बात घ. काँच की चूड़ियों की बात

४. बदलू ने जमींदार को चूड़ियों का जोड़ा क्यों नहीं दिया ?

क. सुन्दर न होने के कारण ख. अपनी बेटी को देने के कारण

ग. दाम अधिक पाने के कारण घ. कम दाम पाने के कारण

५. चूड़ी शब्द का बहु वचन पहचानो -

क. चूड़ियाँ ख. चूड़ी ग. घडिया घ. घड़ियाँ

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को ‘ बदलू मामा ’ न कहकर ‘ बदलू काका ’ क्यों कहता था ?
२. वास्तु - विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्दति क्या है ?
३. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

IV. ‘होली‘ त्यौहार के बारे में अनुच्छेद लिखिए ।

V. किसी हाथ से बननेवाली वस्तू की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

VI. मोहनदास करमचंद गाँधी की आत्मकथा ‘सत्य के प्रयोग‘ (My Experiments with Truth- in any lang. can be read) पुस्तक पढ़कर साथ लाना ।